Comedy Monologue in Hindi | कॉमेडी मोनोलॉग इन हिन्दी

पूर्वाभास :

हैलो दोस्तों आज मै आपके लिए लेकर आया हु धमाकेदार स्क्रिप्ट " **Comedy Monologue in Hindi | कॉमेडी मोनोलॉग इन हिन्दी "** , इस स्क्रिप्ट मे एक छोटी लड़की है जिसके घर और भी बहुत सारे बच्चे है | उन सब की एक दीदी है ,जिसकी शादी तय हो चुकी है और इसी लिए घर मे बहुत ही अच्छा वातावरण है |

अब दीदी हम सब बच्चों को छोड़कर दूसरे घर मे जाएगी इसलिए सभी बच्चे कंपनी नाराज है और शादी तोड़ने के नुसके प्लान कर रहे है|

पात्र:

छोटी लड़की (उम्र १०-१५ साल)

समय:

१ मिनट ४५ सेकंद

Comedy Monologue in Hindi For Girl | कॉमेडी मोनोलॉग इन हिन्दी फॉर गर्ल

अरे पन्नू दीदी यहाँ तो आयीए ...जबसे शादी की बाते शुरु हुयी है आपके चेहरे पर एक अलग सी स्माइल आ गयी है । देखो शादी करोगी आप, जीजू के साथ घूमने जाएगी आप, शॉपिंग करेगी आप, रोज नये नये कपड़े पहनेगी आप। पर हमारी दीदी ये घर छोड़कर जाएगी इसलिए रोएंगे हमलोक ? नहीं हम ऐसा होने नहीं देंगे, क्या भाईओ?

हमे आपकी तरफ से पार्टी चाहिए, आपके और जीजू की तरफ से, लेकिन एक बात का ध्यान रखे की हमारे मम्मी पप्पा को इसकी खबर नहीं होनी चाहिए। बाय द वे आप शादी से पहले खिड़की से कूदकर जीजू से मिलने जाते है ये बाते हमने नोटिस कर ली है, अब आप हि सोच लो ये सिक्रेट रखना है की बतादे पूरे घर मे...आ आ ।।

वैसे ये शादी होने के बाद जीजू के साथ ये घर छोड़कर जाना जरूरी होता है क्या ? जीजू को हि इधर बुलाते है ना । आप मानो तो हम बात कर सकते है जीजू से। हम सब मिलकर जीजू से रिक्वेस्ट करेंगे की हमारी दीदी को हमारे साथ हि रहने दे। क्यो भाईओ.. करेंगे ना ? देखा सब तैयार है।

दीदी हमारे पास तो प्लान भी रेडी है , पता है हमने उस दिन एक मूवी देखी थी उसमे भी सेम सिचुएशन थी हीरो विलेन को किडनैप करता है और अपने इशारे पर नचाता है। देखो आप परमिशन दे तो हम भी होनेवाले जीजू को रस्सी से बांध देंगे और कहेंगे की आपको हमारी दीदी के साथ ये घर मे रहना होगा नहीं तो हम आपको यहासे कभी नहीं छोड़ेंगे। कैसा लगा आइडिया?

यह भी पढे:

१)Monologue Script in Hindi(New) | मोनोलॉग स्क्रिप्ट इन हिन्दी

२)Hindi Monologue For Male|हिन्दी मोनोलॉग फॉर मेल